**INDIAN SCHOOL SOHAR**
**TERM-II EXAMINATION(2022-23)**
**SUBJECT: HINDI**

**NO. OF PAGES:5**

**CLASS : VI** **MAX. MARKS: 80**
**DATE: 12/03/2023** **TIME: 3 Hours**

---

**सामान्य निर्देश : 1. इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं-क, ख, ग और घ।**
**2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।**
**3. इस प्रश्न पत्र में कुल 13 प्रश्न हैं।**
**4. प्रश्न का उत्तर लिखने से पहले प्रश्न-संख्या लिखना आवश्यक है।**

---

## खंड-'क' (अपठित गद्यांश)

**प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-**

सी॰वी॰ रमन भारत के प्रसिद्ध वैज्ञानिक थे। वे बचपन से ही शरीर से दुबले-पतले थे किंतु दिमाग के धनी थे। अस्वस्थता के कारण वे विदेश न जा सके। पर उन्होंने अपनी प्रतिभा से यह सिद्ध कर दिया कि यदि प्रतिभा हो तो विदेश जाकर पढ़ना आवश्यक नहीं है। उन्होंने कोलकाता के साइंस कॉलेज में प्रिंसिपल के पद पर कार्य किया। यद्यपि इस पद के लिए विदेशी प्रमाण-पत्र आवश्यक था पर उनकी योग्यता पर मुग्ध होकर उपकुलपति ने उन्हें छूट दे दी। उन्होंने विज्ञान के क्षेत्र में नए-नए प्रयोग किए। प्रकाश-किरणों पर उनका शोधकार्य 'रमन-प्रभाव' के नाम से प्रसिद्ध हुआ, जिस पर उनको नोबेल पुरस्कार मिला। भारत में यह पुरस्कार विश्व-कवि रवीन्द्रनाथ टैगोर के बाद उनको ही प्राप्त हुआ था।

**प्रश्न**

**(क) सी.वी.रमन बचपन से कैसे थे?** (2)

**(ख) सी.वी.रमन किस कॉलेज में व किस पद पर कार्य करते थे?** (2)

**(ग) सी.वी.रमन ने अपना शोधकार्य किस पर किया और वह किस नाम से प्रसिद्ध है?** (2)

**(घ) सी.वी.रमन को अपने शोधकार्य के लिए कौन-सा पुरस्कार मिला और इससे पहले यह पुरस्कार किसको प्राप्त हुआ था?** (2)

**(ङ) सी.वी.रमन विदेश क्यों न जा सके?** (1)

**(च) 'देश' शब्द का विलोम शब्द गद्यांश में से छाँटकर लिखिए।** (1)

## खंड-'ख' (व्याकरण)

**प्रश्न 2. (i) 'हाथी' शब्द के दो सही पर्यायवाची शब्द वाला विकल्प है-** (1)

(क) अश्व, गज (ख) हस्ती, कुंजर
(ग) हस्त, भूधर (घ) कुंजर, नृप

(ii) 'शत्रु' शब्द के दो सही पर्यायवाची शब्द वाला विकल्प छाँटकर लिखिए। (1)

(क) असि, चन्द्रहास (ख) दुश्मन, राक्षस

(ग) अरि, दुश्मन (घ) रिपु, शैतान

(iii) 'शशि, राकेश' किस शब्द के पर्यायवाची शब्द हैं? (1)

(क) सूर्य (ख) चाँद

(ग) रात (घ) सुबह

(iv) 'सरिता, तटिनी' किस शब्द के पर्यायवाची शब्द हैं? (1)

(क) तालाब (ख) समुद्र

(ग) वर्षा (घ) नदी

प्रश्न 3. (i) 'नायक' शब्द का स्त्रीलिंग शब्द वाला विकल्प छाँटकर लिखिए। (1)

(क) नैइका (ख) नायकी

(ग) नायिका (घ) नायका

(ii) 'श्रीमती' शब्द का पुल्लिंग शब्द वाला विकल्प छाँटकर लिखिए। (1)

(क) श्रीवान (ख) श्रीमन

(ग) श्रीमान (घ) श्रीमत

(iii) निम्नलिखित शब्दों में से सदैव पुल्लिंग रहने वाला विकल्प कौन-सा है? (1)

(क) पक्षी (ख) कोयल

(ग) मैना (घ) वृद्ध

(iv) 'धोबी कपड़े धोने गया।' इस वाक्य में 'धोबी' शब्द का लिंग बदलने पर सही वाक्य क्या होगा? (1)

(क) धोबिन कपड़े धोने गया। (ख) धोबन कपड़े धोने गई।

(ग) धोबिन कपड़ा धोने गए। (घ) धोबिन कपड़े धोने गई।

प्रश्न 4. (i) 'मुझे कई कक्षाओं में जाना है।' वाक्य में 'कई' कौन-सा विशेषण है? (1)

(क) गुणवाचक विशेषण (ख) संख्यावाचक विशेषण

(ग) सार्वनामिक विशेषण (घ) परिमाणवाचक विशेषण

(ii) 'आपके मामा जी कहाँ रहते हैं?' वाक्य में विशेषण शब्द है- (1)

(क) कहाँ (ख) रहते

(ग) मामा जी (घ) आपके

(iii) निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प परिमाणवाचक विशेषण का उदाहरण है? (1)

(क) दो केले (ख) मीठा आम

(ग) सफ़ेद कपड़ा (घ) तीन लीटर दूध

(iv) _______ आदमी मजदूरी करना पसंद करते हैं।' दिए गए खाली स्थान में गुणवाचक विशेषण होगा- (1)

(क) कुछ (ख) गरीब

(ग) वे (घ) दस

प्रश्न 5. (i) 'काल' शब्द के अनेकार्थक शब्द वाला विकल्प छाँटकर लिखिए। (1)

(क) वार, समय (ख) समय, राक्षस

(ग) कल, जन्म (घ) समय, मृत्यु

(ii) निम्नलिखित में से 'प्रेम' और 'तेल' किस शब्द के अर्थ हैं? (1)

(क) हित (ख) प्यार

(ग) मोह (घ) स्नेह

(iii) 'अंग' शब्द के अनेकार्थक शब्द वाला विकल्प छाँटकर लिखिए। (1)

(क) आग, संख्या (ख) शरीर, सूर्य

(ग) शरीर, भाग (घ) मित्र, रंग

(iv) निम्नलिखित में से 'दोस्त' और 'सूर्य' किस शब्द के अर्थ हैं? (1)

(क) सखा (ख) मित्र

(ग) साथी (घ) भानु

प्रश्न 6. निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित शब्दों के विलोम शब्द खाली स्थान में लिखिए:- (4)

(i) ________मालिक ने <u>निर्धन</u> नौकर की सहायता की।

(ii) दुकान में <u>आग</u> लगते ही उसे ___________ से बुझाया गया।

(iii) व्यापार में मुझे शुरू में <u>हानि</u> हुई लेकिन बाद में बहुत __________ हुआ।

(iv) मैंने मेले से कई चीजों का <u>क्रय</u> किया और मेरा दोस्त वहाँ पर सामान का __________ कर रहा था ।

## खंड-'ग' (साहित्य)

प्रश्न 7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:-

अब राजप्पा के अलबम को कोई पूछने वाला नहीं था। वाकई उसकी शान अब घट गई थी। राजप्पा के अलबम की लड़कों में काफ़ी तारीफ़ रही थी। मधुमक्खी की तरह उसने एक-एक करके टिकट जमा किए थे। उसे तो बस एक यही धुन सवार थी। सुबह आठ बजे वह घर से निकल पड़ता। टिकट जमा करने वाले सारे लड़कों के चक्कर लगाता। दो ऑस्ट्रेलिया के टिकटों के बदले एक फिनलैंड का टिकट लेता। दो पाकिस्तान के बदले एक रूस का। बस शाम, जैसे ही घर लौटता, बस्ता कोने में पटककर अम्मा से चबेना लेकर निकर की जेब में भर लेता और खड़े-खड़े कॉफ़ी पीकर निकल जाता। चार मील दूर अपने दोस्त के घर से कनाडा का टिकट लेने

पगडंडियों में होकर भागता।स्कूल भर में उसका अलबम सबसे बड़ा था। सरपंच के लड़के ने उसके अलबम को पच्चीस रुपए में खरीदना चाहा था।

प्रश्न

(क) उपर्युक्त गद्यांश के पाठ का नाम व पाठ के लेखक का नाम लिखिए। (2)

(ख) दो ऑस्ट्रेलिया के टिकटों के बदले राजप्पा ने किसका टिकट लिया? (1)

(ग) राजप्पा ने किसकी तरह एक-एक टिकट जमा किया था? (1)

(घ) कनाडा का टिकट लेने के किए राजप्पा को कितना चलना पड़ा? (1)

(ङ) राजप्पा का टिकट अलबम कौन खरीदना चाहता था? (1)

(च) 'साँझ' का पर्यायवाची शब्द गद्यांश में से छाँटकर लिखिए। (1)

(छ) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए- (1)

कथन(A) - अब राजप्पा के अलबम को कोई पूछने वाला नहीं था।

कारण(R) - उसका अलबम ख़राब हो गया था ।

<u>विकल्प</u>

(i) कथन (A) गलत है किन्तु कारण (R) सही हैं।

(ii) कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) गलत हैं।

(iii) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही है।

(iv) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत है।

प्रश्न 8. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए:- (6)

(क) कंठ (ख) अगुवा (ग) गात (घ) आगंतुक (ङ) इस्तेमाल (च) अधिवेशन

प्रश्न 9. निम्नलिखित शब्दों का प्रयोग करते हुए अर्थपूर्ण वाक्य बनाइए:- (4)

(क) बहुतायत (ख) निष्फल (ग) तारीफ (घ) पसंद

प्रश्न 10. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं 7</u> प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए:- (1x7=7)

(क) चिड़िया किसके लिए गाना गाती है?

(ख) नागराजन की बहन का क्या नाम था?

(ग) 'मैं सबसे छोटी होऊँ' कविता के रचयिता का नाम लिखिए।

(घ) 'बोअर युद्ध' कहाँ हुआ था?

(ङ) चिड़िया के पंख कैसे हैं?

(च) जंगलों से बाँस इकट्ठा करने का सही समय कब होता है?

(छ) गांधी जी नौकरों को किसकी तरह मानते थे?

(ज) खपच्चियों की चौड़ाई कितनी रखी जाती है?

प्रश्न 11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं 5 प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए:- (3x5=15)

(क) 'वह चिड़िया जो' पाठ में चिड़िया की क्या-क्या विशेषताएँ बताई गई हैं?

(ख) भारत में बाँस किस क्षेत्र में और किन-किन राज्यों में पाया जाता है?

(ग) आश्रम में काम करने या करवाने का कौन-सा तरीका गांधी जी अपनाते थे?

(घ) माँ बच्चों को किस प्रकार छलती है?

(ङ) गांधी जी इतना पैदल क्यों चलते थे?पैदल चलने के क्या-क्या लाभ हैं?

(च) बाँस को बूढ़ा कब कहा जा सकता है? बूढ़े बाँस में कौन-सी विशेषता होती है जो युवा बाँस में नहीं पाई जाती?

(छ) नागराजन का अलबम मशहूर हो जाने पर राजप्पा के मन की क्या दशा हुई?

## खंड-'घ' (लेखन)

प्रश्न 12. अपने मित्र को किसी प्रतियोगिता में सफलता के लिए प्रोत्साहित करते हुए पत्र लिखिए। (5)

या

अपना परीक्षा परिणाम बताते हुए अपने पिता जी को पत्र लिखिए।

प्रश्न 13. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 60 से 70 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए:- (5)

(क) पुस्तकों का महत्त्व (ख) समय का सदुपयोग (ग) मेरा प्यारा परिवार

***********************************************************************